This question paper contains 8+2 printed pages]

आपका अनुक्रमांक.........................

8734

# B.A. (Programme)/II/III AS

## HINDI LANGUAGE (B)—Paper II

## हिंदी भाषा (ख)–प्रश्नपत्र II

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 100

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए ।)

**टिप्पणी** : प्रश्नपत्र पर अंकित पूर्णांक SOL/NCWEB/Non-Formal Cell के विद्यार्थियों के लिए अनुप्रयोज्य हैं । तथापि ये अंक नियमित कॉलेजों के विद्यार्थियों के संबंध में उनके परिणाम के संकलन के लिए नियुक्त अधिनिर्णय के समय पर, उनके आनुपातिक रूप में कम होंगे ।

1. निम्नलिखित अनुच्छेद आपके पाठ्यक्रम में निर्धारित पाठों से लिए गए हैं, किन्हीं **दो** अनुच्छेदों के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 10,10

(क) यह हिंदी लेखक का परम सौभाग्य या दुर्भाग्य है कि हिंदी भाषी क्षेत्र आधा आधुनिक–आधा सामन्ती उर्फ भयंकर रूप

P.T.O.

से अधकचरा है । इसलिए आधुनिक साहित्य छापनेवाले प्रकाशक के लिए भी बिक्री बढ़ाने के लिए जन-सम्पर्क के अन्तर्गत पुस्तकों की सार्वजनिक खरीद से जुड़े लोगों को कैश और काइंड में घूस देने की कला ही सीखनी पड़ती है । पुस्तकें बेची नहीं जातीं, सरकारी खरीद में भिड़ाई जाती हैं । इसी के चलते मुझे सूरीनाम की राजधानी में हमारे सांस्कृतिक केन्द्र के पुस्तकालय में हिंदी के लगभग अज्ञात लेखकों की कूड़ा किताबों की दो-दो, तीन-तीन प्रतियाँ रखी हुई मिलीं । कूड़ा किताबें छप कैसे गईं ? इसलिए कि केवल सरकारी खरीद पर निर्भर हमारे प्रकाशकों को अनुभवी सलाहकार और सम्पादक नियुक्त करने की न कभी आवश्यकता पड़ी और न शायद इस लायक उनके पास पैसा ही हुआ । उधर हमारे आधा तीतर-आधा बटेर लेखकों को न पिछली पीढ़ी के किसी लेखक

से अपनी रचनाओं के बारे में परामर्श लेने का सामन्ती उपाय रास आया और न अपनी रचनाओं का किसी व्यक्ति से सम्पादन करवाने का आधुनिक उपाय ।

(i) हिंदी भाषी क्षेत्र को लेखक आधा आधुनिक-आधा सामन्ती क्यों कहता है ?

(ii) प्रथम पंक्ति में "परम सौभाग्य या दुर्भाग्य" के प्रयोग का औचित्य बताइए ।

(iii) लेखक ने किन किताबों को 'कूड़ा किताबें' कहा है ?

(iv) प्रस्तुत गद्यांश किस पाठ से अवतरित है ? पाठ के लेखक का नाम लिखिए ।

(ख) टूटने के क्रम में टूट चुका है बहुत कुछ, बहुत कुछ
अब इस घर में रहते हैं ईन मीन तीन जन
निकलना हो कहीं तो सब निकलते हैं एक साथ
घर सूना छोड़कर

यह छोटा सा एकल परिवार

कोई एक बार चला जाए तो दूसरों को

काटने को दौड़ता है घर

नए चलन ने बहुत सहूलियत बख्शी है

चोरों को

(i) उपर्युक्त काव्य-पंक्तियों के कवि तथा कविता का नाम लिखिए ।

(ii) "टूटने के क्रम में टूट चुका है बहुत कुछ" — इस पंक्ति का भावार्थ स्पष्ट कीजिए ।

(iii) एकल परिवार की सबसे बड़ी पीड़ा क्या है ?

(iv) "नए चलन ने बहुत सहूलियत बख्शी है चोरों को" — इस पंक्ति में 'नए चलन' से कवि का क्या अभिप्राय है ?

(ग) देश में हिंदू-मुस्लिम समस्या अंग्रेजों के हाथ में बहुत बड़ा हथियार थी जिसे वे राष्ट्रीय आंदोलन को तोड़ने के लिए इस्तेमाल करते थे । उर्दू का सम्बंध मुसलमानों के विशेषाधिकारों से जुड़ गया । उर्दू की रक्षा का प्रश्न-विशेष रूप से उसकी लिपि की रक्षा का प्रश्न-धार्मिक अल्पसंख्यकों की रक्षा का प्रश्न बन गया । गाँधीजी ने हिंदी-हिन्दुस्तानी का नारा देकर हिंदुओं और मुसलमानों को मिलाने का भगीरथ प्रयत्न किया । किन्तु भाषा केवल बहाना थी; अलगाव के कारण दूसरे थे । बंगाल में उर्दू लिपि की रक्षा का प्रश्न न था; फिर भी उसका विभाजन हुआ । सिन्धी भाषा के लिए फारसी लिपि का ही संशोधित रूप काम में आता था । फिर भी सिन्ध पाकिस्तान में गया । जिनकी भाषा उर्दू थी, वे यहीं रहे । उर्दू के दमन का नारा लगाकर मुस्लिम जनता को

भड़काया गया; साम्राज्यवादियों और उनके साम्प्रदायिक सहायकों ने भाषा-समस्या से लाभ उठाकर राष्ट्रीय आंदोलन को कमज़ोर किया ।

(*i*) राष्ट्रीय आंदोलन को कमज़ोर करने के लिए अंग्रेज़ों ने किस हथियार का प्रयोग किया ?

(*ii*) भाषा-समस्या को भारत-विभाजन का कारण कैसे बनाया जा रहा था ?

(*iii*) गाँधीजी ने भाषा को अस्त्र बनाकर क्या महत्त्वपूर्ण कार्य किया ?

(*iv*) प्रस्तुत पंक्तियों के पाठ व लेखक का नाम लिखिए ।

2. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** के उत्तर दीजिए : 15

(*i*) अपने श्रीलंका प्रवास के दौरान राहुल जी ने कौन-कौनसे मुख्य कार्य किए ? [स्वयम्भू महापण्डित]

(*ii*) विदेशों के बौद्धिक जीवन में कॉफ़ी हाउसों का क्या स्थान रहा है ? [कॉफ़ी हाउस]

(*iii*) 'दुनिया की सबसे हसीन औरत' — कहानी को पढ़कर खूबसूरती और इज्जत के बारे में क्या धारणा बनती है ? [दुनिया की सबसे हसीन औरत]

(*iv*) आज की कामकाजी महिला की घर और बाहर की दोहरी भूमिका के बारे में महादेवी जी का क्या मत है ? [घर बाहर]

(*v*) काशी प्रवास के दिनों को लेखक ने अपने जीवन के 'सुखदतम दिन' क्यों कहा है ? [वे दिन]

3. संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : 15

(*i*) खड़ी बोली का सामान्य परिचय ।

(*ii*) हिंदी वर्तनी का मानकीकरण ।

(*iii*) राजभाषा और राष्ट्रभाषा में अंतर ।

4. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय का पल्लवन कीजिए : 10

(*i*) पराधीन सपनेहुँ सुख नाहीं

(*ii*) वृक्ष हमारे सच्चे मित्र हैं क्योंकि.................

(*iii*) थोथा चना बाजे घना ।

5. निम्नलिखित अनुच्छेद का शीर्षक बताते हुए संक्षेपण कीजिए : 10

सरल स्वभाव के ऐसे भी लोग हैं जो किसी विषय पर सिर्फ एकांगी ही विचार करके निर्णय ले लेते हैं । ऐसे कुछ लोगों का मानना है कि उत्तर-औद्योगिक समाज में और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में आई क्रान्ति के परिणामस्वरूप, समाज के लोगों का काम सिर्फ सेवाओं के द्वारा चल ही नहीं सकता है, उनके सहारे जीवित भी रहा जा सकता है । यह बात छोटे देशों के बारे में सही हो सकती है लेकिन भारत जैसा बड़ा देश अपने भविष्य का निर्माण अकेले सेवाओं पर निर्भर रहकर नहीं कर

सकता । सेवाएँ भारत की अर्थव्यवस्था के निर्माण में मुख्य भूमिका अदा कर सकती हैं, लेकिन सिर्फ उन्हीं के आधार पर उसका सर्वांगी विकास होना असम्भव है । अपने देशवासियों को पर्याप्त और पौष्टिक आहार देने के लिए ही उसे अपने कृषि-क्षेत्र को लगातार विकसित करते रहना होगा । अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और अर्थव्यवस्था को लगातार सुदृढ़ करते रहने के उद्देश्य से उसे अपने निर्माण-कार्यों के क्षेत्र को भी लगातार विकसित और दृढ़तर करते रहना होगा ।

6. निम्नलिखित मुहावरों/लोकोक्तियों के अर्थ लिखते हुए वाक्यों में प्रयोग कीजिए : 10

(*i*) पगड़ी उछालना

(*ii*) आसमान पर चढ़ाना

(*iii*) घर का भेदी लंका ढाए

(*iv*) अंधा क्या चाहे दो आँखें ।

7. (क) अभिधा शब्द-शक्ति किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए । 4

(ख) "काटने को दौड़ता है घर" — पंक्ति में निहित लक्ष्यार्थ को स्पष्ट कीजिए । 4

(ग) "वह हँसी बहुत कुछ कहती थी, फिर भी अपने में रहती थी" — पंक्ति में निहित व्यंग्यार्थ को स्पष्ट कीजिए । 4

8. (क) शब्दकोश किसे कहते हैं ? किन्हीं **दो** अंग्रेजी-हिंदी शब्दकोशों के नाम लिखिए । 4

(ख) निम्नलिखित शब्दों को हिंदी शब्दकोश में प्रविष्टि के अनुसार क्रम से लिखिए : 4

व्यवहार, संरक्षण, शक्तिशाली, बौद्धिक, प्रगतिशील, निष्ठा, उद्घाटन, अधिकार ।